# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## Plantation Drive: World Environment Day

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 06-06-2022**

# प्रकृति के बिना जीवन का अस्तित्व नहीं : कुलपति

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** प्रकृति हमें जीवन देती है इसके बिना मानव जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है। इसलिए हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करें।

पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी किसी व्यक्ति विशेष अथवा सरकार की नहीं बल्कि इसके संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित पौधरोपण करते हुए व्यक्त किए। विश्वविद्यालय कुलपति ने विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र द्वारा पर्यावरण अध्ययन विभाग, ग्रीन कैंपस, क्लीन कैंपस क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सहयोग से आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों को संबोधित किया।



पौधरोपण करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व बालयोगी महंत चरणदास। संवाद

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण के प्रयासरत है। कार्यक्रम तथा नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय पर्यावरण एवं इससे संबंधित समस्याओं की गंभीरता से परिचित है। इस अवसर पर फारेस्ट रेंज ऑफिसर नरेंद्र यादव, जल शक्ति एवं पौधागिरी अभियान महेंद्रगढ़ के प्रभारी राजेश शर्मा झाड़ली व रेडक्रॉस सोसायटी महेंद्रगढ़ के ब्लॉक कार्डिनेटर दिनेश शर्मा, विवि के ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस क्लब के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. पवन कुमार मौर्य, प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. शांतेश कुमार, एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. दिनेश चहल, डॉ. मोना शर्मा, डॉ. रविदत्त, डॉ. शाहजहान, सुंदर लाल, दिलीप पटेल, प्रदीप कुमार, सुनील अग्रवाल सहित विवि के शिक्षक, अधिकारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 06-06-2022**

# प्रकृति के बिना मानव जीवन का कोई अस्तित्व नहीं : कुलपति टंकेश्वर कुमार



**भास्कर न्यूज** | महेंद्रगढ़

प्रकृति हमें जीवन देती है। प्रकृति के बिना मानव जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है। इसलिए हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करें। पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी किसी व्यक्ति विशेष अथवा सरकार की नहीं बल्कि इसके संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। यह विचार हकेंवि, महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित पौधारोपण करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम में हनुमान जोहड़ी धाम, भिवानी के बालयोगी महंत चरणदास विशिष्ट अतिथि के रूप में जबकि फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर नरेंद्र यादव, जल शक्ति एवं पौधागिरी अभियान महेंद्रगढ़ के प्रभारी राजेश शर्मा झाड़ली व रेडक्रॉस सोसायटी महेंद्रगढ़ के ब्लॉक कार्डिनेटर दिनेश शर्मा गणमान्य अतिथि में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ग्रीन कैम्पस क्लीन कैम्पस क्लब के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. पवन कुमार मौर्य, प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. शांतेश कुमार, एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. दिनेश चहल, डॉ. मोना शर्मा, डॉ. रविदत्त, डॉ. शाहजहान, सुंदर लाल, दिलीप पटेल, प्रदीप कुमार, सुनील अग्रवाल सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 06-06-2022**

# प्रकृति के बिना मानव जीवन का कोई अस्तित्व नहीं : टंकेश्वर

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** प्रकृति हमें जीवन देती है। प्रकृति के बिना मानव जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है। इसलिए हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करें। पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी किसी व्यक्ति विशेष अथवा सरकार की नहीं बल्कि इसके संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित पौधारोपण करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम में हनुमान जोहड़ी धाम, भिवानी के बालयोगी महंत चरणदास विशिष्ट अतिथि के रूप में, जबकि फारेस्ट रेंज आफिसर नरेंद्र यादव, जल शक्ति एवं पौधागिरी अभियान महेंद्रगढ़ के प्रभारी राजेश शर्मा झाडली व रेडक्रॉस सोसायटी महेंद्रगढ़ के ब्लॉक कार्डिनेटर दिनेश शर्मा गणमान्य अतिथि में उपस्थित रहे।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व बालयोगी महंत चरणदास ● सौ. प्रवक्ता

विश्वविद्यालय कुलपति ने कहा कि हमें जीवन की सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए सभी चीजें हमें पर्यावरण से ही मिलती हैं। इसलिए हमारा कर्त्तव्य है कि हम स्वयं भी पर्यावरण की रक्षा करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बालयोगी महंत चरणदास ने विश्वविद्यालय परिसर में लगे पेड़-पौधों और हरियाली को देखकर कहा कि विश्वविद्यालय अपने अथक प्रयासों से मरूस्थल में हरियाली लाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान से लगे इस क्षेत्र में पेड़ उगाना बहुत मेहनत का कार्य है। इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार सहित इस कार्य में लगे कर्मचारियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति महोदय के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण के प्रयासरत है। कार्यक्रम तथा नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय पर्यावरण एवं इससे संबंधित समस्याओं की गंभीरता से परिचित है। धरती पर संतुलन बनाए रखने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने में केंद्र प्रयासरत है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ग्रीन कैंपस क्लीन कैम्पस क्लब के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. पवन कुमार मौर्य, प्रो. प्रमोद कुमार, डा. शांतेश कुमार, एनएसएस इकाई के समन्वयक डा. दिनेश चहल, डा. मोना शर्मा, डा. रविदत्त, डा. शाहजहान, सुंदर लाल, दिलीप पटेल, प्रदीप कुमार, सुनील अग्रवाल सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।वहीं दूसरी ओर विश्व पर्यावरण दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नांगल सिरोही के कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। पौधारोपण अभियान की शुरुआत डा. रामनिवास डहीनवाल, डा.आशुतोष शर्मा और डा विश्वशक्ति ने की। इस अवसर पर सीएचसी नांगल सिरोही में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी अनिल रसूलपुरिया ने कहा की पर्यावरण संरक्षण के लिये हर व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिये । सीएचसी नांगल सिरोही में कार्यरत कर्मचारी महेंद्र सिंह व अशोक बेरी ने कहा कि अब आगे बरसात का सीजन आने वाला है और हम सबको अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए । इस अवसर पर सीनियर लैब टेक्नीशियन रामपाल, सुषमा एलटी,दलबीर, पवन, प्रवीण, ललित, हरीश सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे ।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 06-06-2022**



महेंद्रगढ़। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर। फोटोः हरिभूमि

# प्रकृति के बिना मानव जीवन का अस्तित्व नहीं

- हकेंवि में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

प्रकृति हमें जीवन देती है। प्रकृति के बिना मानव जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है। इसलिए हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करें। पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी किसी व्यक्ति विशेष अथवा सरकार की नहीं, बल्कि इसके संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। यह विचार हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित पौधरोपण करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम में हनुमान जोहड़ी धाम भिवानी के बालयोगी महंत चरणदास विशिष्ट अतिथि, जबकि फोरेस्ट रेंज ऑफिसर नरेंद्र यादव, जल शक्ति एवं पौधागिरी अभियान महेंद्रगढ़ के प्रभारी राजेश शर्मा झाडली व रेडक्रॉस सोसायटी महेंद्रगढ़ के ब्लॉक कार्डिनेटर दिनेश शर्मा गणमान्य अतिथि में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति ने विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र द्वारा पर्यावरण अध्ययन विभाग, ग्रीन कैंपस क्लीन कैम्पस क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सहयोग से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जीवन की सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए सभी चीजें हमें पर्यावरण से ही मिलती हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 06-06-2022**

### हकेंवि में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

# प्रकृति के बिना मानव जीवन का कोई अस्तित्व नहीं: प्रो. टंकेश्वर कुमार



*विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व बालयोगी महंत चरणदास।*

महेंद्रगढ़, 5 जून (परमजीत, मोहन): प्रकृति हमें जीवन देती है। प्रकृति के बिना मानव जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है।

इसलिए हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करें। पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी किसी व्यक्ति विशेष अथवा सरकार की नहीं बल्कि इसके संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित पौधारोपण करते हुए व्यक्त किए।

कार्यक्रम में हनुमान जोहड़ी धाम, भिवानी के बालयोगी महंत चरणदास विशिष्ट अतिथि के रूप में जबकि फारैस्ट रेंज ऑफिसर नरेंद्र यादव, जल शक्ति एवं पौधागिरी अभियान महेंद्रगढ़ के प्रभारी राजेश शर्मा झाड़ली व रेडक्रॉस सोसायटी महेंद्रगढ़ के ब्लॉक को-आर्डिनेटर दिनेश शर्मा गण्यमान्य अतिथि में उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय कुलपति ने विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र द्वारा पर्यावरण अध्ययन विभाग, ग्रीन कैम्पस क्लीन कैम्पस क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के सहयोग से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जीवन की सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए सभी चीजें हमें पर्यावरण से ही मिलती हैं, इसलिए हमारा कर्त्तव्य है कि हम स्वयं भी पर्यावरण की रक्षा करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## विश्वविद्यालय अथक प्रयासों से मरूस्थल में हरियाली लाने का कर रहा कार्य: महंत चरणदास

**कार्यक्रम** में विशिष्ट अतिथि बालयोगी महंत चरणदास ने विश्वविद्यालय परिसर में लगे पेड़-पौधों और हरियाली को देखकर कहा कि विश्वविद्यालय अपने अथक प्रयासों से मरूस्थल में हरियाली लाने का कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान से लगे इस क्षेत्र में पेड़ उगाना बहुत मेहनत का कार्य है। इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार सहित इस कार्य में लगे कर्मचारियों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति महोदय के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम तथा नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय पर्यावरण एवं इससे संबंधित समस्याओं की गंभीरता से परिचित है। धरती पर संतुलन बनाए रखने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने में केंद्र प्रयासरत है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ग्रीन कैंपस क्लीन कैम्पस क्लब के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. पवन कुमार मौर्य, प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. शांतेश कुमार, एन.एस.एस. इकाई के समन्वयक डॉ. दिनेश चहल सहित शिक्षक, अधिकारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।